

# तीसरे दिन भारत ने जीते 2 रजत और 2 कांस्य



**आइची नागोया, 21 सितम्बर. हिमांशु ढिल्लों ने निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशियाई खेलों में सोमवार को दो रजत पदक जीते जबकि रुद्राक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीतकर पोडियम पर उनके साथ जगह बनाई. पुरुष कबड्डी टीम ने जापान को 49-24 से हराकर अपना खिताब बचाओ अभियान शानदार अंदाज में शुरू किया. महिला टीम ने भी बंगलादेश को 42-21 से हराया. पुरुष बैडमिंटन टीम बंगलादेश को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुँच गयी. भारत की महिलाओं ने अपने दूसरे पूल बी मैच में इंडोनेशिया को 17-1 से हरा दिया. टेबल टेनिस में पुरुष और महिला टीमों ने पाकिस्तान को 3-0 के सामान अंतर से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी.**

हिमांशु और रुद्राक्ष ने पार्थ माने के साथ मिलकर आइची प्रीफेक्चरल जनरल शूटिंग गैलरी में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भी रजत पदक जीता था. आज मिले इस तीन पदकों के साथ, एशियाई खेल 2026 में निशानेबाजी में भारत के कुल पदक की संख्या बढ़कर पांच हो गई. निशानेबाजी प्रतियोगिता के पहले दिन एलावेनिल वलारिवन और भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने रजत पदक जीते थे. पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत फ़ाइनल में, हिमांशु ने एक कड़े मुकाबले में रुद्राक्ष को 0.1 पॉइंट से पीछे छोड़ दिया. हिमांशु ने 252.4 का स्कोर किया, जबकि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी, चीन के शेंग लिहाओ ने 233.0 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता और सफलतापूर्वक अपना एशियाई खेलों का खिताब बरकरार रखा. दिन की शुरुआत में, हिमांशु, रुद्राक्ष और पार्थ ने कुल 1890.1 का स्कोर करके पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में रजत पदक जीता.

## पुरुष कबड्डी : भारत ने जापान को हराया



भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने अपने खिताब के बचाव की शुरुआत मेजबान जापान पर ग्रुप ए में 49-24 की दमदार जीत के साथ की. कप्तान सुनील कुमार के नेतृत्व में भारत ने शुरुआती सीटी से ही अपना दबदबा दिखाया. आशु मलिक की तीन अंकों की सुपर रेड ने शुरुआत में ही मैच का टोन सेट कर दिया. इसके बाद पीकेएल स्टार रेडर्स अर्जुन देशवाल, देवांक दलाल और आयन लोचाब ने लगातार दबाव बनाए रखा, जिससे भारतीय टीम ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली. भारत मंगलवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में दक्षिण कोरिया का सामना करेगा. हर ग्रुप की टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी. मौजूदा चैंपियन भारत ने महिला कबड्डी के ग्रुप ए के अपने शुरुआती मुकाबले में बांग्लादेश को 42-21 से हराकर अभियान की शानदार शुरुआत की. भारत ने हाफ टाइम तक 21-10 की बढ़त बना रखी थी और दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा कायम रखते हुए आसान जीत दर्ज की. भारत का अगला मुकाबला बुधवार को ईरान के खिलाफ होगा.



## भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम क्वार्टर फाइनल में

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में बंगलादेश को 3-0 से हराकर एशियन गेम्स 2026 में शानदार शुरुआत की और क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बना ली. दुनिया के नंबर 14 खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुरुआती सिंगल्स मैच में आयमन इब्न ज़मान को 21-4, 21-12 से हराकर टीम के लिए अच्छी शुरुआत की. बैडमिंटन रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद आयुष शेट्टी ने भी गौरव सिंघा के ख़िलाफ़ अपना दबदबा बनाए रखा. उन्होंने पहला गेम आसानी से जीता और फिर 21-4, 21-13 से जीत हासिल कर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई. इसके बाद, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत (जो अभी 29वें स्थान पर हैं) ने जुमार अल-अमीन को 21-15, 21-9 से हराकर जीत पक्की की. सिंगल्स में खेलने वाले तीनों बंगलादेशी खिलाड़ियों में से कोई भी दुनिया के टॉप 100 खिलाड़ियों में शामिल नहीं था.

## सुचिका तरियाल ने जीता ऐतिहासिक कांस्य पदक



सुचिका तरियाल ने महिलाओं की पारंपरिक 60 किलोग्राम भार वर्ग की मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता. इस के साथ वही इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली भारतीय बन गई. आज यहां 36 साल की भारतीय फाइटर को नागोया सिटी इनाए स्पोर्ट्स सेंटर में हुए कड़े सेमी-फ़ाइनल मुकाबले में सिंगापुर की टेओ हुई हून से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा. इस मुकाबले का फैसला करने के लिए एक अतिरिक्त मिनट का समय लेना पड़ा था. एमएमए में सेमीफाइनल हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को पदक मिलता है, क्योंकि एशियाई खेलों में कांस्य पदक के लिए अलग से कोई प्लेऑफ नहीं होता है. सुचिका तरियाल ने रविवार को क्वार्टर-फ़ाइनल में मंगोलिया की अल्तानचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराकर अपना पदक पक्का कर लिया था.



## महिला हॉकी : भारत ने इंडोनेशिया को 17-1 से रौंदा

भारत की महिलाओं ने अपने दूसरे पूल बी मैच में इंडोनेशिया को 17-1 से हरा दिया और दो गेम में अपने गोलों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से 36 तक पहुंचा दी. भारतीय फॉरवर्ड लाइन एक बार फिर इंडोनेशिया के लिए भारी साबित हुई, जिसमें दीपिका सहरावत, रुतुजा पिसल और नवनीत कौर ने हैट्रिक बनाई, जिससे भारत ने टूर्नामेंट में अपनी शानदार शुरुआत बरकरार रखी. दीपिका, जिन्होंने शुरुआती मैच में भारत के उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराने में आठ गोल किए थे, ने टूर्नामेंट में अपने स्कोर में तीन और गोल जोड़े. उसने आठवें, 28वें और 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला. रुतुजा ने अपने तीनों गोल फील्ड प्ले से 15वें, 20वें और 38वें मिनट में किए, जबकि नवनीत ने 35वें, 56वें और 57वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की. भारत का स्कोरिंग हैट्रिक तिकड़ी तक ही सीमित नहीं था. सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी हमारज़ोटे ने दो-दो गोल किए, जबकि साक्षी राणा ने भी दो गोल किए. कप्तान सलीमा टेटे और इशिका ने एक-एक गोल किया.




## टेबल टेनिस : भारत टीम क्वार्टरफाइनल में

भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को एक समान 3-0 के अंतर से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली. पुरुष वर्ग में पायस जैन द्वारा अपने अंतिम ग्रुप एफ मुकाबले में मुहम्मद खान को 3-0 (11-2, 11-5, 11-7) से हराने के बाद भारत ने पाकिस्तान पर 3-0 से जीत हासिल की और शीर्ष दो में रहने के बाद पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई. हरमीत देसाई और सत्यन ज्ञानशेखरन ने भी पहले अपने मैच 3-0 से जीते थे क्योंकि भारत ने आज टेबल टेनिस में पाकिस्तान पर डबल जीत हासिल की, साथ ही महिला टीम भी अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई. हरमीत देसाई ने मुहम्मद खान को 3-0 (11-4, 11-3, 11-5) से हराया, जबकि सत्यन ज्ञानशेखरन ने भी अब्बास खान को 3-0 (11-1, 11-8, 11-9) से हराया. महिला वर्ग में सुतीर्था मुखर्जी, सिंड्रेला दास (टॉप्स डेवलपमेंट) और श्रीजा अकुला (टॉप्स कोर) ने भारत को लगातार तीन जीत दिलाई.

## जहीर खान बने सीएसके के नए हेड कोच

**चेन्नई, 21 सितम्बर. चेन्नई सुपर किंग्स ( सीएसके ) ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ ज़हीर खान को आईपीएल 2027 के लिए अपना हेड कोच घोषित किया है. ज़हीर, स्टीफन फ्लेमिंग की जगह लेंगे.**

फ्लेमिंग ने इंग्लैंड क्रिकेट के साथ जुड़ने से पहले इस फ्रेंचाइज़ी के साथ अपना 18 साल का सफ़र खत्म किया, जिसमें वे मुख्य रूप से कोचिंग स्टाफ़ के प्रमुख थे. जुलाई में, उन्हें इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम का हेड कोच बनाया गया था. 2017 में आईपीएल से रिटायर होने के बाद से ज़हीर ने अलग-अलग भूमिकाओं में काम किया है. तीन टीमों (आरसीबी, एमआई और डीसी) के लिए खेलने के बाद, उन्हें आईपीएल 2019 से पहले एमआई का 'डायरेक्टर ऑफ़ क्रिकेट ऑपरेशन्स' नियुक्त किया गया था, और बाद में वे उनके 'ग्लोबल डेवलपमेंट' के प्रमुख बने.



हाल ही में, उन्हें आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स का मेंटर बनाया गया था, लेकिन अगले सीज़न से पहले ही वे उस फ्रेंचाइज़ी से अलग हो गए. एक खिलाड़ी के तौर पर, ज़हीर ने 100 IPL मैच खेले और 27.27 की औसत से 102 विकेट लिए. यह उनके शानदार भारतीय करियर के अलावा था, जिसमें उन्होंने सभी फ़ॉर्मेट में कुल 610 विकेट लिए थे. अपनी नियुक्ति पर ज़हीर ने सीएसके के हवाले से कहा: 'आईपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक का हिस्सा बनना सम्मान की बात है. एक क्रिकेटर के तौर पर, मैंने मैदान पर सीएसके का सामना किया है.

## आज से होगी बेंगलुरु ओपन की शुरुआत

**बेंगलुरु.** इंडियनऑयल द्वारा प्रायोजित बेंगलुरु ओपन 2026, कर्नाटक गोल्फ़ एसोसिएशन में 22 से 25 सितंबर तक खेला जाएगा. इस टूर्नामेंट में 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि रखी गई है. अपने पांचवें संस्करण में वापसी कर रहे बेंगलुरु ओपन को 'पावर्ड बाय पार्टनर' इंडियनऑयल और इवेंट पार्टनर हिल्टन बेंगलुरु एम्बेसी गोल्फ़लिंक्स और हिमालयन का सहयोग प्राप्त है. इस इवेंट में 132 गोल्फ़र हिस्सा लेंगे, जिनमें 131 पेशेवर और एक एमेच्योर खिलाड़ी शामिल हैं. टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय पेशेवरों में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ़ मेरिट के लीडर सप्तक तलवार जैसे खिलाड़ी शामिल हैं.

## झांग का ऑल-अराउंड जिम्नास्टिक्स बरकरार

**नागोया ( जापान ), 21 सितंबर चीन के झांग बोहेंग ने सोमवार को 2026 एशियाई खेलों में पुरुषों का ऑल-अराउंड जिम्नास्टिक्स खिताब अपने नाम बरकरार रखा. एशियाई चैंपियनशिप में यह इवेंट जीतने के बाद, 26 वर्षीय झांग ने 85.065 अंक हासिल करके गोल्ड मेडल जीता, जबकि जापान के शिनोसुके ओका और डाइकी हाशिमोटो क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे.**

टोक्यो ओलंपिक के ऑल-अराउंड चैंपियन हाशिमोटो ने पोमेल हॉर्स पर 14.500 अंकों के साथ मजबूत शुरुआत की, जबकि झांग ने फ्लोर एक्सरसाइज में 13.800 अंकों के साथ शुरुआत की. ओका के लगातार अच्छे प्रदर्शन ने गोल्ड मेडल की लड़ाई को रोमांचक बनाए रखा. मौजूदा ओलंपिक ऑल-अराउंड चैंपियन ओका चौथे रोटेशन में पैरेलल बार्स पर 14.633 अंक हासिल करके झांग और हाशिमोटो से आगे निकल गए. झांग ने पांचवें रोटेशन में उसी उपकरण पर 14.700 अंक हासिल करके जवाब दिया और फाइनल राउंड में ओका पर 0.167 अंकों की मामूली बढ़त बना ली.

जब झांग हॉरिजॉन्टल बार पर और ओका व हाशिमोटो फ्लोर एक्सरसाइज पर मुकाबला कर रहे थे, तब खिताब के लिए मुकाबला खुला हुआ था.



झांग ने 14.033 अंक हासिल करके लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों का ऑल-अराउंड खिताब जीता, जबकि ओका ने फ्लोर पर 13.833 अंकों के साथ सिल्वर मेडल जीता और हाशिमोटो 13.433 अंकों के साथ ब्रॉन्ज मेडल पर रहे. झांग ने कहा कि हॉरिजॉन्टल बार पर सबसे आखिर में मुकाबला करने से उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वियों के स्कोर के आधार पर अपनी रूटीन में बदलाव करने का मौका मिला. ओका और हाशिमोटो की फ्लोर रूटीन देखने के बाद, उन्होंने अपनी रूटीन की कठिनाई को कम करने और गलतियों के जोखिम को घटाने का फैसला किया.

**वनडे क्रिकेट** ▶ ऑस्ट्रेलिया ए की चार-दिन के मैच की तैयारी जारी

## द. अफ्रीका के खिलाफ एडवर्ड्स आस्ट्रेलियाई टीम में



**सिडनी, 21 सितंबर. ऑस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाज जैक एडवर्ड्स को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है. यह तेज गेंदबाज आलराउंडर जैक एडवर्ड्स अभी पुडुचेरी ( भारत ) से डरबन जा रहा है, जहां वह इंडिया ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के चार-दिन के मैच की तैयारी कर रहा था. डरबन में गुरुवार को पहला वनडे खेला जाएगा.**

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान साइड स्ट्रेन के कारण तेज गेंदबाज बिली स्टैनलेक सीरीज से बाहर हो गए हैं. स्टैनलेक को अपने पांचवें ओवर के बीच में ही परेशानी महसूस हुई और ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद उनके स्कैन किए जाएंगे. वहीं, जिम्बाब्वे के खिलाफ़ तीन में से दो वनडे खेलने के बावजूद स्पेंसर जॉनसन को टीम से रिलीज कर दिया गया है. बाएं हाथ के इस तेज़ गेंदबाज़ को कोई चोट नहीं लगी है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उनकी जरूरत नहीं समझी गई है.

### ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत में अहम भूमिका

वह अगले महीने पुडुचेरी में होने वाले तीन 50-ओवर के मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम से जुड़ेंगे. जॉनसन ने 18 महीने के अंतराल के बाद वनडे क्रिकेट में वापसी की थी और रविवार को ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई थी. उन्होंने दो विकेट लिए और आखिरी विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी में योगदान दिया.

## डोपिंग नियम तोड़ने के आरोप में पिचामोन अस्थायी रूप से निलंबित

**नागोया.** इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सोमवार को बताया कि थाई बैडमिंटन खिलाड़ी पिचामोन ओपतनिपुथ को डोपिंग रोधी नियम तोड़ने के आरोप में चल रहे 2026 एशियाई खेलों से अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया गया है. आईटीए ने कहा कि 17 सितंबर को नागोया में ओपतनिपुथ से लिए गए 'आउट-ऑफ-कंपटीशन' सैंपल में 'फ्यूरोसेमाइड' के लिए 'एडवर्स एनालिटिकल फाइंडिंग' (नकारात्मक परिणाम) मिली. वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी ने इस पदार्थ को 'डाययुरेटिक्स' और 'मास्किंग एजेंट' की श्रेणी में रखा है, जिस पर हर समय प्रतिबंध रहता है.

## शू जियायू ने तैराकी में दूसरा गोल्ड मेडल जीता

**टोक्यो, 21 सितंबर. चीन के शू जियायू ने सोमवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों में पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में अपना खिताब सफलतापूर्वक बरकरार रखा. उन्होंने एक दिन पहले पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक का खिताब जीतने के बाद, नए गेम्स रिकॉर्ड के साथ अपना दूसरा गोल्ड मेडल हासिल किया.**

एशियाई रिकॉर्ड धारक शू ने 24.04 सेकंड में रेस पूरी की और एशियाई खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया. उनके साथी खिलाड़ी वांग ज़िचेंग ने 24.49 सेकंड में सिल्वर मेडल जीता और दक्षिण कोरिया के यूं जी-ह्वान ने 24.54 सेकंड में ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया. चीन की वान लेटियन और वांग जुएर ने महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते. वान ने 27.47 सेकंड में रेस पूरी की, जबकि उनकी साथी खिलाड़ी वांग ने 27.66 सेकंड का समय लिया.

